तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 17 जुलाई 2024

4 जिला न्यायाधीश का जेल में सुविधाओं का निरीक्षण, बंदियों से की मुलाकात





## खबर संक्षेप



### लूटपाट करने वाले अपचारी बालक समेत 3 गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना खरसिया में ग्राम कुकरीचोली में रहने वाले रोहित राठिया उम्र 34 वर्ष द्वारा नवरंगपुर चौक ग्राम गुरदा में चार लड़कों द्वारा मोबाइल और 6000 रूपए की लूटपाट करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 15 जुलाई को अपने चचेरा भाई भोला राम राठिया के साथ मोटर सायकल से धान बीज व आधार कार्ड लेने मदनपुर खरसिया जा रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे नवरंगपुर चौक के पास एक स्कूटी व एक मोटर सायकल डिलक्स में 3-4 व्यक्ति खड़े थे। वे लड़के मोटर सायकल के पास आए और भोला राम राठिया को मारपीट कर उसके मोबाईल रेडमी ब55 को लुट लिये जिसके बाद एक लड़का धारदार हथियार निकाल कर इसका मोबाईल को लूटने लगा और डरा धमका कर हाथ से रेडमी सेकेण्ड हैण्ड मोबाईल और पाकेट में रखे 6000 रूपए को लूट कर मोटर सायकल स्कूटी से भाग गए। थाना खरसिया में अज्ञात आरोपियों पर धारा 309(6) 3,5 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माल मुल्जिम की पतासाजी में लिया गया।

### कापू में नर कंकाल मिलने से सनसनी



**रामगढ़।** धरमजयगढ विखं अंतर्गत कापू थाना क्षेत्र मे कंकाल मिलने कि खबर से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। जानकारी अनुसार कापू थाना अंतर्गत ग्राम कुमरता के ग्रामीणों के बताये अनुसार जंगल मे कँकाल मिलने कि सुचना ग्रामीणों ने थाना कापू को दी। सूचना पर कापू पुलिस मौके पर पहुंच कर अज्ञात कँकाल कि शिनाख्तती सहित जांच कार्यवाही मे जुट गई है। मानव कँकाल कुमरता के कुण्डी झरिया नाला के पास मिली है कंकाल किसी पुरुष होने कि शंका जताई जा रही है।

### अतिथि व्याख्याता हेतु मंगाए गए आवेदन

**जशपुरनगर।** शासकीय महाविद्यालय दुलदुला में समाजशास्त्र, अंग्रेजी और रसायनशास्त्र सहायक प्राध्यापक के एक-एक रिक्त पदो के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन पत्र आमांत्रित किये गए है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र और आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन 26 जुलाई सायं 5 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया।

### 21 टन सरिया, कार, टैक्टर, 2 बाइक व 3 मोबाइल जब्त

# 25 टन सरिया की लूटपाट मामले में 3 गिरफ्तार



प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते एसपी दिव्यांग पटेल।



पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते जून माह में धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में ट्रक चालक को डरा धमका कर 25 टन सरिया लूटने के मामले में धरमजयगढ़ पुलिस व साइबर सेल की टीम को सफलता मिली है।

संयुक्त टीम ने सरिया की खरीदी करने वाले हार्डवेयर दुकान संचालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 21 टन सरिया, 2 मोटरसाइकिल, 3 मोबाइल, कार, 5 हजार रूपए नगद व ट्रैक्टर भी जब्त किया गया। वहीं इस मामले के फरार आरोपियों की पतासाजी में पुलिस जुटी हुई है। इस संबंध में प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि 23 जून 2024 को ग्राम सराईपाली गेरवानी स्थित श्री रूपानाधाम स्टील प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पूंजीपथरा के एचआर डिपार्टमेंट के अभिषेक उपाध्याय उम्र 21 वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 22 जून 2024 को स्टील प्लांट से ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 1490 में चालक मुजाहिद खान 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम मारूती टीएमटी सरिया कुल वजन 25 टन 50 किलो लोड कर रामानुजनगर सूरजपुर के लिए रवाना हुआ था। अंतिम बार चालक ने धरमजयगढ सिसरिंगा घाटी पहुंचने की बात कही थी, जिसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। उक्त ट्रक में लोड सरिया के लूट की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया।

#### इस तरह लूटा ट्रक

थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा ट्रक चालक के मुजाहिद खान और खलासी से पूछताछ कर बयान लिया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि 22 जून को धरमजयगढ़ सिसरिंगा घाट के चार किलोमीटर पहले चार अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा अपनी कार को ट्रक के आगे अडा कर ट्रक से चालक को उतारा और मारपीट करते हुए उसके मोबाईल को छीन कर फेंक दिया।

#### इस तरह बनाई योजना

आरोपी रूपेश यादव पिता खीरोधर यादव उम्र 23 वर्ष ग्राम मकरीबंधा थाना तपकरा ने बताया कि उसने अपने दोस्त लोकेश यादव, दीपू यादव, राजू यादव के साथ मिलकर 22 जून को घरघोडा के साहू होटल में बैठकर चारों ने इस मार्ग से गुजरने वाले सरिया लोड ट्रक को लूटने की योजना बनाई। इसी योजना के तहत वे 22 जून को इसी फिराक में थे, कि इसी बीच आरोपियों ने उक्त ट्रक को लूटा।

#### ऐसे पकड़ में आया आरोपी

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एसपी श्री पटेल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामगोपाल करियरे के निर्देशन में साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में डीएसपी सिद्धांत तिवारी, थाना प्रभारी धरमजयगढ़ कमला पुसाम और साइबर सेल की टीम बनाकर जांच शुरू की गई। इसी बीच थाना प्रभारी धरमजयगढ़ ने पूर्व में घटित अपराधों और इस लूटपाट के आरोपियों के तरीका व वारदात का विश्लेषण करते समय संदेही लोकेश यादव के इस प्रकार लूटपाट में शामिल होने की जानकारी मिली। जिसकी पुष्टि मुखबीरों से हुई। घटना के समय आरोपी लोकेश यादव उसके साथी आरोपी रूपेश यादव के साथ होने की बात सामने आई। इस बड़ी लीड पर आगे बढ़ते हुए डीएसपी अभिनव उपाध्याय व संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के लिये ओड़िसा के सुन्दरगढ और झारखंड के सिमडेगा में दबिश दी गई और आरोपी रूपेश यादव निवासी लस्सीअम्बा थाना तपकरा जशपुर को पकड़ा गया।



अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त।

# 22 से 27 जुलाई तक होगा डेंगू नियंत्रण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डेंगू नियंत्रण और उसे जड़ से खत्म करने के लिए 22 से 27 जुलाई तक विशेष अभियान नगर निगम, जिला स्वास्थ्य विभाग, जिला स्कूल शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जाएंगे। इसके लिए कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सभी विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

■ अभियान को फाइट अगेंस्ट डेंगू हैसटैग का दिया गया नाम

बैठक में निजी एवं शासकीय सभी स्कूल के विद्यार्थियों को मच्छर एवं जल जनित रोगों के लक्षण एवं बचाव की जानकारी देने के साथ जन जागरूकता लाने की बात कही गई। इस दौरान डेंगू, मलेरिया डायरिया एवं पीलिया के लक्षण बचाव के बातों को शामिल करते हुए पांपलेट का वितरण करने स्कूलों के प्रार्थना सभा में इसकी प्रतिदिन जानकारी देने के निर्देश कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने दी। अभियान के दौरान स्कूलों में एक विशेष दिन स्कूल परिसर की साफ सफाई करने एस्कूलों में कहीं पर भी साफ पानी जमा न हो ऐसे छत, डिस्पोजल, टायर, सीमेंटेड गड्ढे या अन्य पात्र जहां पर साफ पानी जमा हो उसकी सफाई करने की बात कही गई। इसी तरह एक दिन रैली निकालकर संबंधित वार्ड में भ्रमण कर लोगों में जन जागरूकता लाने के सुझाव दिए गए। इसी तरह स्कूलों में डेंगू, मलेरिया डायरिया एवं पीलिया संबंधित स्लोगन, चित्रकार स्पर्धा आयोजन करने के निर्देश दिए गए।

# ईएसआईसी अस्पताल बना रेफरल सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

परसदा स्थित 100 बेड के ईएसआईसी हॉस्पिटल में एक बिस्तर तक उपलब्ध नहीं है। जिससे यहां आईपीडी सेवाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। यहां न तो मरीजों को भर्ती लिया जा रहा है और न ही यहां दवाई का स्टाक है। जिससे यहां आने वाले मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है।

कर्मचारी व मजदूर वर्ग के लोगों को ईएसआईसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पहले यहां सिर्फ कुछ डिस्पेंसरी ही थीं, जहां सामान्य चेकअप ही हो पाता था। ऐसे वर्ग के लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए परसदा में केन्द्र सरकार ने 74 करोड़ रुपए की लागत से जिले का पहला 100 बेड वाला सर्वसुविधायुक्त ईएसआईसी हॉस्पिटल का निर्माण कार्य शुरू कराया गया। अस्पताल का निर्माण होने में ही सालों लग गए। अभी भी बिल्डिंग में सिविल, इलेक्ट्रिकल, फर्नीचर, ऑक्सीजन गैस पाइप लाइन जैसे अहम काम बाकी हैं। शासन के दबाव पर आधी अधूरी तैयारी के साथ अस्पताल का संचालन शुरू तो कर दिया गया है।

**कर्मचारियों और संसाधन के अभाव में नहीं मिल पा रहा**



#### मरीजों को आर्थिक नुकसान भी

दरअसल ईएसआईसी हॉस्पिटल रायगढ़ से करीब 15 किमी दूर परसदा में स्थित है। इस रूट में न तो सिटी बस चलती है और न ही यात्री बसों का आना जाना होता है। ऐसे में चेकअप कराने के लिए मरीजों को ऑटो या टैक्सी किराए पर लेना पड़ता है। इसके लिए उन्हें 800 से 1000 रुपए वाहन भाड़ा देना पड़ता है। इतना खर्च करने के बाद जब मरीज अस्पताल पहुंचते हैं ते उन्हें परामर्श देकर वापस भेज दिया जाता है या दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में मरीज यहां से हताश होकर लौटते हैं। जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक दोनों रूप से परेशान होना पड़ता है।

### सड़क दुर्घटना में घायल छात्र की बची जान

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री की पहल से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल नवयुवक अजय राम की जान बच गई। अजय की जान बचाने के लिए चिकित्सकों को उसका एक हाथ काट कर अलग करना पड़ा। रायपुर में उपचार के बाद स्वस्थ्य हो कर अजय अपने घर वापस आ गए हैं। अजय राम ने सीएम का आभार व्यक्त करने बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होनें बताया कि जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लाक के बंदरचुवां गांव के रहवासी हैं। इसी साल मार्च महिनें में एक सड़क दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया था। लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण उनके स्वजनों ने उपचार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सहायता मांगी थी। सीएम कैंप कार्यालय ने अजय राम के भविष्य की राह आसान करने के लिए कृत्रिम हाथ और दिव्यांग प्रमाण पत्र की व्यवस्था करने का भरोसा दिया है।

**नपं के कार्यालय के गेट पर धरना प्रदर्शन, सीएमओ को सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन**

# कुर्सी छिनते ही पूर्व नगर सरकार को याद आई नगर की बदहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्रदेश सरकार बदलने के बाद कांग्रेस से किरोड़ीमल नगर नपं की गद्दी भी भाजपा ने छीन ली है। इसके साथ ही सत्ता होते ही पूर्व नगर सरकार को किरोडीमल नगर में चारो ओर बहाली दिखने लगी है। सोमवार को नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था और रुके विकास समेत 11 विषयों को मुद्दा बनाकर किरोडीमल नगर कांग्रेस के नेताओं ने नगर पंचायत के कार्यालय के गेट पर धरना प्रदर्शन किया तथा सीएमओ रामायण पांडेय को ज्ञापन सौंपा।

धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि किसी से किरोडीमल नगर की मूलभूत समस्याएँ जैसे पानी, बिजली, सफाई ए सडक इत्यादि गहरी होती जा रही हैं और नगर सरकार बेपरवाह बनी बैठी है। पूर्व में स्वीकृत कार्य भी नही हो पा रहे हैं जो विडंबना का विषय है। नगर पंचायत में जब से भाजपा का अनैतिक और खरीद फरोख्त वाली सरकार आई है तबसे नगर विकास का चौपट हो गया है यहां तक की लोगों को पीने के पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा है। नगर कांग्रेस द्वारा अल्टीमेटम देने के बाद भी उक्त विषयों में से किसी पर भी आज तक कार्य नही करने पर कांग्रेस के पास धरना, पंचायत घेराव एवम विरोध प्रदर्शन ही विकल्प बचा जिस पर आज नगर कांग्रेस ने आम नागरिकों और दर्जनों महिलाओं सहित पूरा नगर कांग्रेस एकजुट होकर रैली विरोध करते हुए पंचायत घेराव कर पुनः जनहित मुद्दों पर 11 बिंदुओं पर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा।

#### मुख्यमंत्री कन्या विवाह

# 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**रायगढ़।** जिले में मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 45 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। विवाह में रायगढ़ शहरी, रायगढ़ ग्रामीण तथा पुसौर विकासखण्ड के जोड़े सम्मिलित हुए। गायत्री परिवार द्वारा पारंपरिक रीति से विधिवत विवाह कराया गया। मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं श्रीमती शोभा शर्मा उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि यह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिससे गरीब कन्याओं की विवाह में सहायता मिलती है तथा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा रूकती है। श्रीमती शोभा शर्मा ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत लाभान्वित जोड़ो को आशीर्वाद देते हुए आने वाले समय में अधिक से अधिक जोड़ो को लाभ देने कहा गया। विवाह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल ने प्रत्येक जोड़े को टिकावन दिया। इसी तरह शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को कन्या के नाम से 35 हजार रूपये की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। उपहार के रूप में बैग, श्रृंगार सामाग्री, कपड़े इत्यादि वर.वधु को दिया गया तथा जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र दिया गया।

# साइबर फ्राड के 4 अंतरराज्यीय आरोपियों को पुलिस ने जामताड़ा से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

**साइबर फ्राड के मामले में जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई**



कांसाबेल निवासी लक्ष्मण गर्ग की पुत्री से ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार कांसाबेल निवासी लक्ष्मण गर्ग ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 मई 2023 को पुत्री के मोबाइल में काल आया और आपने जो सामान मंगाया है उसके बारे में डिटेल पता और सामान के बारे में जानकारी दिया और बोला कि 5 रुपए ट्रांसफर कीजिए तभी वह एक्टिवेट होगा नहीं तो सामान वापस चला जाएगा। प्रार्थी की पुत्री ने 5 रूपए ट्रांसफर किया। इसी दिनांक को प्रार्थी की पुत्री को पता चला कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके खाते से 49,971 रूपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर ठगी किया गया है। रिपोर्ट पर थाना कांसाबेल में धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

#### 4 साइबर ठग गिरफ्तार

4 साइबर ठगों को पकड़ने में जो सफलता मिली है। जानकारी अन्य जिलों व थानों में भेजी जा रही है ताकि उनके विरुद्ध विभिन्न थानों में कानूनी कार्रवाई की जा सके।

**-शशि मोहन सिंह,** पुलिस अधीक्षक जशपुर

# जर्जर सड़कें बन रही हादसों की वजह, निगम उदासीन

**रायगढ़।** शहर की जर्जर सड़क की मरम्मत पर ध्यान नहीं देने कारण अब यह सड़कें दुर्घटना की वजह बन रही हैं। मंगलवार की कलेक्टोरेट मार्ग पर सड़क पर बने गड़ढे में बाइक सवार गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोंट आई। मौके पर मौजूद राहगीरों की मदद से उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

■ गढ़डे में गिरी बाइक, अधेड़ गंभीर रूप से घायल

ज्ञात हो कि शहर की सड़कों की मरम्मत के नाम पर लाखों करोड़ों रूपए निगम द्वारा बजट में पारित किया जाता है। किंतु इस राशि का सही ढ़ंग से उपयोग नहीं होता। जिसकी वजह से शहर की तमाम सड़कें जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। इन जर्जर सड़कों में अक्सर बाइक सवार घायल हो रहे हैं। स्थिति यह है कि वर्तमान में बारिश होने के कारण इन गढ़्डों में पानी भर जाता है, जिसकी वजह से इन गहराई का पता नहीं चलता। ऐसे में बाइक का पहिया इसमें घंस जाता है और बाइक सवार गिर जाते हैं। ऐसा ही एक हादसा मंगलवार की शाम को आयुर्वेदिक अस्पताल के पास हुआ, जिसमें कलेक्टोरेट की ओर से आ रहा एक बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति इस गढ़्डे की चपेट में आ गया और उसके सिर में गंभीर रूप से चौंट आई।

### पत्नी शालू के साथ नवीन जिंदल की उद्योग परिसर में रैली एवं सभा

# सांसद बनने के बाद पहली बार पहुंचे नवीन का पुष्प वर्षा से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़







देश के नामचीन उद्योगपति और भाजपा की ओर से कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद बनने के बाद नवीन जिंदल मंगलवार को पहली बार सपत्नीक रायगढ़ जिंदल प्लांट पहुंचे। जहां उनका पूरी गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। स्वागत के उत्सुक पार्टी के कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए जिन्हें शांत कराया गया। जिसके बाद कंपनी अधिकारियों से चर्चा करने उपरांत पार्टी के जनप्रतिनिधियों और समाजिक संगठन के पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई।

लोकसभा चुनाव में जीत के बाद सांसद नवीन जिंदल सुबह 11 बजे जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड के हवाई अड्डे पर पहुंचे स जहां सांसद नवीन जिंदल और उनकी पत्नी शालू जिंदल का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद खुली जीप में उनकी रैली निकलकर ओपी जिंदल स्कूल आडिटोरियम पहुंचे। स्कूल आडिटोरियम पहुंचने से पहले नवीन जिंदल का काफिला कालोनी भीतर से होता हुआ ओपी जिंदल प्रतिमा चौक पहुंचा। जहां जिंदल ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय ओपी जिंदल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने उपरांत रैली आगे बढ़ी। इस दौरान चौक चौराहों पर जिंदल के अधिकारी कर्मचारी और ठेकेदार श्रमिकों के साथ पुष्प वर्षा कर काफिले का स्वागत किया। इस दौरान सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि रायगढ़ की जनता उनके परिवार की तरह है उनके पिता ने 40 वर्ष पूर्व रायगढ़ में कंपनी की नींव रखी थी। उसके बाद पिछले 32 वर्ष से वह रायगढ़ जिंदल प्रबंधन की बागडोर संभाल रहे हैं। रायगढ़ जिले से उन्हें बहुत कुछ जानने सीखने को मिला है और रायगढ़ वासियों की मेहनत के कारण ही जिंदल ग्रुप का नाम देश ही नहीं विदेशों में भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि वह रायगढ़ के लिए जितना बेहतर हो सकेगा करने का प्रयास करेंगे। स्कूल आडिटोरियम में नवीन जिंदल का क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, समाजिक संगठनों और प्रबंधन द्वारा सम्मान किया गया। जिसके बाद सभी से विधिवत चर्चा की गई।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### स्वर्णकार समाज ने पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण

**अंबिकापुर।** स्वर्णकार वेलफेयर एओसिएशन छत्तीसगढ़ व सरगुजा स्वर्णकार समाज के संयुक्त तत्वाधान में पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ, इस दुनिया को और पृथ्वी को सुन्दर बनाओं नारे के तहत पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया गया। नगर के पॉलिटेक्निक परिसर के अंदर मौजूद नाग मंदिर के पीछे खाली मैदान में वीरान पड़े स्थान पर समाज द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान श्रमदान कर पहले गाजर घास की सफाई की गई व सफाई उपरांत आंवला, नीम, जामुन, गुलमोहर, बेल, कटहल, अमलतास के साथ अलग-अलग प्रकार के लगभग 100 पौधे रोप गए और लगाए गए पौधों की देखरेख करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान स्वर्णकार वेलफेयर के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डी के सोनी, महासचिव राकेश सोनी, कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, संगठन मंत्री राजू सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सोनी, सरगुजा स्वर्णकार समाज के सचिव निलेश सोनी, शालिग्राम सोनी, अभिषेक सोनी, अरविंद सोनी, अजय सोनी, शैलू सोनी, सीमा सोनी, योग शिक्षक कमलेश सोनी, ओम प्रकाश सोनी, पप्पू सोनी, राजेश सोनी हरिओम, नीरज सोनी स्टेनो, रविकांत सोनी, गोपाल सोनी, संतोष सोनी, दीपक सोनी, वीर सोनी तथा पालीटेक्निक कालेज के प्राचार्य आरजे पांडेय, कृषि महाविद्याल के पूर्व अधिष्ठाता श्री सिंह, नमनाकला के पार्षद प्रमोद चौधरी, मायापुर पार्षद नुजहत, विनीत मिश्रा, फिट कॉर्प से शामिल रहे।


### वन स्थायी समिति के सभापति सदस्यों ने किया पौधरोपण



**राजपुर।** वन स्थायी समिति के सभापति के नियुक्ति उपरांत हरीतिमा पौधशाला केंद्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनियुक्त सभापति व सदस्यों का स्वागत करने के साथ ही पौधरोपण किया गया। बता दें कि जिला पंचायत के वन स्थायी समिति के सभापति के रूप में अंकुश सिंह का चयन किया गया है। इसके साथ ही स्थायी समिति सदस्य के रूप में गीता सोनहा, अनीता मिंज नियुक्त हुए है। वन स्थायी समिति के सभापति व सदस्यों का सोमवार को हरीतिमा पौधशाला में डीएफओ अशोक तिवारी, एसडीओ रविशंकर श्रीवास्तव, रेंजर महाजन लाल साहू, अखिलेश जायसवाल, कलीरा एवं आदि सर्किल इंचार्ज व वन कर्मी ने स्वागत किया। इसके साथ ही जिला स्थायी वन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभापति व सदस्यों को वन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों व योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक उपरांत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय हरीतिमा पौधशाला केंद्र में सभापति अंकुश सिंह, सदस्य व लघु वनोपज के जिला अध्यक्ष लालसाय मिंज द्वारा पौधरोपण किया गया।

### संत साहू विधायक प्रतिनिधि एवं महादेव निज सहायक नियुक्त

**सूरजपुर।** प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने अपना विधायक प्रतिनिधि संत कुमार साहू को नियुक्त किया है वही निज सहायक के रूप में महादेव सिंह



कामकाज देखेंगे। विधायक श्री मरावी ने बताया कि जिला प्रशासन व अन्य विभाग प्रमुख को दे दिया है नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधि श्री साहू भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहने के साथ ही चुनाव के दौरान कामकाज को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अनौपचारिक रूप से अभी तक विधायक के साथ रहकर उनके कामकाज को बेहतर ढंग से संभाल रहे थे और अब उन्हें विधायक प्रतिनिधि के तौर पर मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार निजी सहायक के रूप में महादेव सिंह को मनोनीत किया है।

### कार्मिक अधिकारी के परिजन ने जरूरतमंदों को दी आवश्यक सामग्री



**बिश्रामपुर।** आरजीके सहक्षेत्र कार्यालय में पदस्थ कार्मिक प्रबंधक वेद प्रकाश की बीते दिनों मौत हो जाने के बाद यहां पहुंचे परिजनों ने उनका स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया।इस दौरान क्षेत्रीय कोल अधिकारी व कर्मचारी साथ थे।कार्मिक प्रबंधक की पत्नी व बच्चों ने उनके आवास में पड़े सामानों को स्थानीय जरूरतमंद लोगों को वितरण किया और यहां से अस्थि कलश लेकर बनारस के लिए रवाना हो गए।

### बाइक की टक्कर से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** पैदल जा रही महिला को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई महिला की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रमकोला निवासी राम बाई आयाम पति रामलाल आयाम (53 वर्ष) 10 जुलाई की सुबह गांव में पैदल जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को रमकोला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## शहर में हाथी के मौजूद होने पर सुबह मचा हड़कंप

# दल से भटका हाथी पहुंचा तहसील मुख्यालय प्रतापपुर, पांच घंटे तक घूमता रहा शहर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- आत्मानंद स्कूल का तोड़ा गेट, पूरी रात हाथी के पीछे-पीछे दौड़ते रहे वनकर्मी

तहसील मुख्यालय प्रतापपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब रात्रि 1 बजे एक दंतैल शहर में घुस गया। गनीमत थी कि वन अमला दंतैल के पीछे-पीछे लाउडस्पीकर से लोगों को इसकी सूचना देते हुए चल रहा था। दंतैल रात्रि 1 बजे से सुबह 5 बजे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमता रहा तथा सुबह खेतों के रास्ते अमनदोन जंगल की ओर चला गया।

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में तीन हाथियों का दल लम्बे समय से भ्रमण कर रहा था। एक सप्ताह पूर्व हाथी घुई जंगल की ओर चले गए थे। लम्बे अंतराल के बाद हाथियों के अन्यत्र जाने से वनकर्मी राहत की सासें ले रहे थे कि बीती रात्रि 12 बजे ग्राम मायापुर के ग्रामीणों ने वनकर्मियों को गांव में एक हाथी के पहुंचने एवं फसल तबाह करने की सूचना दी। ग्रामीणों ने दंतैल के आबादी क्षेत्र के निकट पहुंचने की भी सूचना दी। सूचना मिलते ही वनकर्मी हाथी मित्र दल के सदस्यों को लेकर पिकअप से ग्राम पंचायत मायापुर -1 पहुंचे। वनकर्मियों ने तेज आवाज में हूटर बजाया तो हाथी अपना रास्ता बदलकर प्रतापपुर की ओर बढ़ने लगा तथा हाथी ग्राम बरोल एवं अमनदोन के रास्ते रात्रि 12:10 बजे तहसील मुख्यालय प्रतापपुर के बस स्टैण्ड में दाखिल हो गया। हाथी बस स्टैण्ड से खजुरी, कदमपारा, स्वामी आत्मानंद स्कूल, शासकीय कॉलेज परिसर, पक्की तालाब, कृष्ण कुंज आदि क्षेत्र में पूरी रात घूमता रहा। हाथी कॉलेज परिसर का भ्रमण करते हुए खेतों के रास्ते कदम पारा होते हुए वापस नया बस स्टैण्ड पहुंचा तथा खेतों के रास्ते पास के अमनदोन जंगल स्थित आरएफ 84 में चला गया। हाथी स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास काफी देर तक रूका रहा तथा स्कूल का गेट तोड़ते हुए आगे निकल गया। हाथी अमनदोन जंगल में मौजूद है। नए बस स्टैण्ड से अमनदोन जंगल की दूरी मात्र 50 मीटर है। ऐसे में हाथी के पुनः शहर की ओर पहुंचने की संभावना पर विशेष सावधानी बरती जा रही है। नए बस स्टैण्ड के पास बाजार भी लगता है। सोमवार को शाम 7 बजे बाजार में लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए वनकर्मियों ने बाजार को खाली कराया तथा लोगों को सुरक्षा के मद्देनजर जल्द सुरक्षित घर पहुंचने की हिदायत दी। हाथी के रात में लगातार पांच घंटे तक शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में स्वच्छंद घूमने के दौरान बड़ी दुर्घटना हो सकती थी लेकिन गनीमत थी कि इस दौरान कोई भी सड़क पर नहीं मिला वनकर्मियों द्वारा हाथी के पीछे-पीछे लाउडस्पीकर से मुनादी कराने के कारण भी लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकले। अधिकांश लोग बस्ती में हाथी के मौजूद होने से बेखबर रहे एवं अपने घरों में सोते रहे।



आत्मानंद स्कूल के बाहर घुमता हाथी, इनसेट में क्षतिग्रस्त गेट।



बाजार में मुनादी करते वनकर्मी।

### हो सकती थी बड़ी दुर्घटना

इस दौरान मामूली सी चूक होने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। नगर भ्रमण के दौरान हाथी स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं छात्रावास के पास सड़क का दो-तीन चक्कर लगाया तथा स्कूल के गेट को तोड़ दिया। हाथी नगर की संकरी गलियों में घुसता तो अधिक तबाही मचा सकता था हाथी मुख्य मार्ग पर ही चलता रहा। रात्रि 3 बजे के बाद बनारस की बसें प्रतापपुर पहुंचती हैं तथा प्रायः हर दिन लोग बसों से पहुंचते हैं। बीती रात हाथी के सामने न तो कोई यात्री पहुंचा न ही कोई वाहन। वन अमले द्वारा लाउडस्पीकर से हाथी के पीछे-पीछे मुनादी कराना काफी कारगर साबित हुआ तथा हाथी पांच घंटे तक मौजूद रहने के बावजूद कोई खास क्षति नहीं पहुंचा सका। वनकर्मियों के अनुसार हाथी छोटे कद का है तथा अधिकतम 8 फीट ऊंचाई का है। वनकर्मी उसकी उम्र भी कम बता रहे हैं तथा हाथी के दल से भटककर घाट पेंडारी के रास्ते पहुंचने की बात कह रहे हैं।

### पूर्व में भी हो चुकी है कई घटनाएं

हाथियों की मौजूदगी के मामले में वन परिक्षेत्र प्रतापपुर काफी संवेदनशील माना जाता है तथा पूरे क्षेत्र में अधिक मात्रा में गन्ना की खेती होने के कारण लगभग पूरे साल यहां हाथी मौजूद रहते हैं। कई बार हाथी अमनदोन जंगल से शहरी क्षेत्र में पहुंच जाते हैं। पांच वर्ष पूर्व 25 हाथियों का दल पक्की तालाब के पीछे स्थित कॉलेज मैदान तक पहुंच गया था। हाथियों को वन अमले ने सुरक्षित जंगल तक खदेड़ा था। इसके बाद रात में एक हाथी शहरी क्षेत्र में घूमते हुए सीसीटीवी में कैद हुआ था। वन अमले की सतर्कता से हाथियों ने कभी भी खास क्षति नहीं पहुंचाई।

### बरती जा रही सतर्कता

मैं प्रशिक्षण कार्य से रायपुर प्रवास पर हूं। सुबह 4 बजे किसी ने शहरी क्षेत्र में हाथी के पहुंचने की सूचना दी थी। तत्काल वनकर्मियों से बात करने पर स्थिति की जानकारी मिली। हाथी की मौजूदगी को देखते हुए काफी सतर्कता बरती जा रही है। कर्मचारी पल-पल का अपडेट दे रहे हैं। शहरी क्षेत्र के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को मुनादी करा सतर्क किया जा रहा है।

-आशुतोष भगत
उपवन मण्डलाधिकारी



## महाप्रभु जगन्नाथ भाई और बहन के साथ पुनः मंदिर में किए प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सप्ताह भर बाद महाप्रभु जगन्नाथ सोमवार को नगर के आरटीआई कॉलोनी स्थित सरस्वती (मौसी मां) मंदिर से अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर वापस मंदिर के लिए निकले। गौरतलब है कि कोयलांचल में उत्कल समाज द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकालकर 7 जुलाई को जगन्नाथ मंदिर से उनकी मौसी के घर आरटीआई कालोनी स्थित ज्ञानदायिनी मां सरस्वती मंदिर पहुंचे थे। वहां से महाप्रभु जगन्नाथ सोमवार को मां सरस्वती (मौसी मां) मंदिर से अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर वापस अपने मंदिर लाए गए , जो भटगांव मार्ग से होते हुए बस स्टैंड, अंबेडकर चौक एवं वापस इसी रास्ते होते हुए जगन्नाथ मंदिर प्रांगण पहुंचे। इसके पश्चात रात में मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन भक्तगणों के लिए किया गया। गौरतलब है कि भाई बलभद्र बहन सुभद्रा के साथ वापसी करने पश्चात महाप्रभु जगन्नाथ मंगलवार से गुरुवार तक रथ पर ही विराजमान रहेंगे। जहां आज 16 जुलाई मंगलवार को महाप्रभु का स्वर्ण वेशभूषा से श्रृंगार किया जाएगा। 17 जुलाई बुधवार को एकादशी का आयोजन किया जाएगा। 18 जुलाई को पारंपरिक मीठा शरबत भोग अर्पण कर 19 जुलाई शुक्रवार को महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर के भीतर प्रवेश करेंगे, जिसे नीलाद्री विजय सिंहासन विराजमान के नाम से जाना जाता है और इस दिन 56 भोग से महाप्रभु का स्वागत किया जाता है। करीब एक माह से चल रहे रथ यात्रा महापर्व कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के संरक्षक अशोक स्वाई, अध्यक्ष विशाल स्वाई, अलंकार नायक, प्रभाकर स्वाई, राजेंद्र प्रधान, अक्षय साहू, सेनापति प्रधान, त्रिनाथ देवरी, संतोष बिसवाल, प्रदीप त्रिपाठी, सूरज शेट्टी, विद्याधर साहू, एलसी त्रिपाठी, प्रमोद कहर, अतुल, राजन एवं महिला मंडल से अध्यक्ष दीप्ति स्वाई, गीता स्वाई, मंजू स्वाई, लीलावती, अनुराधा प्रधान, सविता, रीता त्रिपाठी, प्रभासिनी नायक, कुन्नी व अन्य सक्रिय रहे।

### बतौली में मनाया गया ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**बतौली/ सेदम।** स्कूल खुलने के साथ ही नवप्रवेशी बच्चे स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। बच्चों का स्वागत के लिए स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विधायक रामकुमार टोप्पो ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक रामकुमार टोप्पो ने बच्चों को मेहनत करते हुए अच्छे से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बच्चों के लिए शिक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित करने की बात कही। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर, पुष्प माला पहनाकर और पाठ्य सामग्री प्रदान कर शाला प्रवेश कराया,वहीं दिव्यांग छात्रों को विल चेयर का वितरण किया गया।

**जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुन नगर पेंडरखी की है घटना**

## तनावग्रस्त कोलकर्मी ने अपना ही गला रेता, फिर नदी में कूदकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सूरजपुर डीडीआरएफ टीम ने घंटों मशक्कत के बाद शव को नदी से निकाला बाहर

मानसिक तनाव से क्षुब्ध होकर एक कालरी कर्मी ने सोमवार की सुबह तड़के ब्लेड से अपनी ही गर्दन के नस को काटकर रेड़ नदी में कूदकर जान दे दी है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत जयनगर बरपारा निवासी 57 वर्षीय बसंत सिरदार पिता साधु राम बिंझिया ग्राम अर्जुननगर पेंडरखी में अपने ससुराल में रहकर वहीं से एसईसीएल रेहर खदान में ड्यूटी करता था। बताया जा रहा है कि बीती रात कालरी कर्मी बसंत सिरदार किसी मानसिक तनाव की वजह से घर में बिना सोए रात भर घर में ही अंदर बाहर हो रहा था। इसके पश्चात सोमवार की सुबह तड़के गांव के ही हुंकारीदाह के पास जाकर रेड़ नदी के तट पर अपनी लूंगी व जूता को नदी किनारे उतारा फिर ब्लेड से अपने गर्दन का नस काटकर नदी में कूद गया जिससे उसकी मौत हो गई है। कालरी कर्मी के काफी विलंब तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजन व ग्रामीणों द्वारा उसकी तलाश शुरू की गई तब नदी किनारे उसके लूंगी व जूता को देखकर नदी में डूबने की आशंका जताते हुए जयनगर पुलिस व ग्रामीणों को सूचना दी गई। सूचना पर जयनगर थाना के टीआई नरेंद्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक प्रवीन राठौर, नगर सैनिक अली अकबर तत्काल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पर पुलिस द्वारा तत्काल डीडीआरएफ सूरजपुर को सूचना देकर बुलाया गया। सूचना मिलने पर डीडीआरएफ सूरजपुर टीम जिला सेनानी संजय गुप्ता के मार्गदर्शन में डीडीआरएफ प्रभारी बीरबल गुप्ता, धीरेंद्र, नेमसाय, तुलेश्वर, शिवप्रसाद, बेला प्रताप, टामेश्वर, देवनारायण, सोमार साय, रिकेश गुप्ता, शिव प्रताप, बृज बिहारी गुप्ता तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत उपरांत कालरी कर्मी के शव को नदी से बरामद कर बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि कालरी कर्मी बसंत सिरदार किसी बात को लेकर काफी मानसिक तनाव में था, कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया गया एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है।



## जनपद सीईओ ने दिखाई संवेदनशीलता वृद्ध का पेंशन के लिए बनवाया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शासकीय कार्यालय में लोग चक्कर काट कर अक्सर परेशान रहते है। कोई भी व्यक्ति जब शासकीय कार्यालय में जाता है और काम उसी शासकीय कार्यालय से होना है तो उसे शासकीय कर्मचारियों द्वारा उसका काम न करके परेशान करने का आरोप हमेशा लगता है। परंतु जनपद कार्यालय में ठीक इसके विपरीत नजर आया जब एक बुजुर्ग जनपद कार्यालय में वृद्धा पेंशन का आवेदन देने पहुंचा तो जनपद सीईओ एवं डिप्टी कलेक्टर इंदिरा मिश्रा द्वारा संवेदनशीलता का परिचय देते हुए वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन बनवाकर नगर पंचायत कार्यालय में तत्काल भिजवाई एवं अपने एक कर्मचारी को वृद्धा पेंशन बनवाने को सुनिश्चित करने की निर्देश दिए।

वार्ड क्रमांक 7 निवासी 75 वर्षीय अशोक राम जो पहले मजदूरी का काम करते थे परंतु शरीर अब उनके साथ नहीं दे रहा है। जिस कारण अब मजदूरी नहीं कर पा रहे हैं। राशन का 10 किलो चावल मिलता है उसी से अपना आजीविका चला रहे हैं। आज अशोक राम जनपद कार्यालय पूर्व पार्षद बिगू दास, मितेश केसरी, पीयूष गुप्ता के साथ पहुंचे। उन्होंने अपना वृद्धा पेंशन नहीं होने की बात जनपद सीईओ को बताई तो जनपद सीईओ इंदिरा मिश्रा ने तत्परता एवं संवेदनशीलता पूर्वक टालने की जगह पेंशन मिल सके इसे सुनिश्चित करने की पहल की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता भी कार्यालय में उपस्थित थी उन्होंने जनपद सीईओ की संवेदनशीलता की सराहना की।




## उप स्वास्थ्य केन्द्र में नही एंटी स्नैक वेनम, सर्पदंश से बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बारिश का मौसम शुरू होते ही सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती है। ऐसे में स्वास्थ्य केन्द्र में एंटी स्नैक वेनम न हो तो लोगों की परेशानी और भी बढ़ जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्रामीण क्षेत्र रमकोला उप स्वास्थ्य केन्द्र की है जहां एंटी स्नैक वेनम ही उपलब्ध नहीं है। ऐसे में किसी को सांप ने काटा तो उसका बचना मुश्किल होता है। हालांकि परिजन सर्पदंश पीड़ित को उप स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आते है लेकिन मरीज को एंटी स्नैक वेनम की जगह मामूली बॉटल लगाकर रेफर कर दिया जाता है। बीती रात भी परिजन सांप के काटने पर बालक को उप स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए जहां बालक को बॉटल लगाकर रेफर कर दिया। समय पर सही उपचार नहीं होने से बालक की मौत हो गई।

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत आने वाले दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत बोगा निवासी धनेश्वर आयाम आ. हीरालाल आयाम (14 वर्ष ) रविवार की सुबह घर के समीप परसापत्ता कटाने गया था। इसी दौरान रसल वाइबर सांप के ऊपर ही पैर पड़ गया जिससे सांप बालक के पैर से लिपट काट लिया। बालक किसी तरह घर पहुंचा और घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन आनन फानन में बालक को तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र रमकोला लेकर पहुंचे जहां अस्पताल के स्टॉफ ने बॉटल चढ़ा कर कुछ घंटे तक रखने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर रेफर कर दिया। परिजन बालक को लेकर प्रतापपुर जा रहे थे तभी रास्ते में बालक ने दम तोड़ दिया। मामले में रामकोला पुलिस ने शव का मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। परिजन ने आरोप लगाते हुए बताया कि सांप के काटने के बाद तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक व स्टॉफ ने गंभीरता से नहीं लिया और न ही सांप के जहर को कम करने के लिए एंटी स्नैक वेनम का डोज दिया। अगर एंटी स्नेक वेनम समय पर दिया जाता तो शायद बालक आज जीवित होता। अस्पताल में एंटी स्नैक वेनम नहीं रहना और मात्र बोतल चढ़ाकर समय बर्बाद किया जाता है और जब मरीज की हालत गंभीर हो जाती है तो रेफर कर देते है। ऐसे में मरीज को अस्पताल ले जाने में काफी देर हो जाती है जिससे मरीज की मौत हो जाती है। कुछ इस तरह बालक के साथ भी हुआ और प्रतापपुर अस्पताल ले जाते समय की उसकी मौत हो गई।



### कराई जाएगी जांच

उप स्वास्थ्य केन्द्र में एंटी स्नैक वेनम नहीं है तो मामला गंभीर है। उप स्वास्थ्य केन्द्र में एंटी स्नैक वेनम होना चाहिए। मामले की जांच कराई जाएगी। अस्पताल में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई के लिए टीम गठित कर जांच की जाएगी।

-डॉ. आरएस सिंह
सीएमएचओ सूरजपुर

## लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद भी बेच रहा था कीटनाशक

- जांच के दौरान टीम ने बिक्री पर लगाया प्रतिबंध, अवहेलना पर दुकान संचालकों को नोटिस


**राजपुर।** खेती किसानी का कार्य प्रारम्भ होने के साथ ही खाद बीज व कीटनाशक दुकान संचालकों की मनमानी भी शुरू हो गई है। संचालक बिना लाइसेंस के ही दुकान का संचालन कर रहे है और नियमों की जमकर अवहेलना कर रहे है। इस बात का खुलासा विभाग की कार्रवाई से हुआ है। दुकान संचालक द्वारा लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद भी खाद बीज व कीटनाशक का व्यवसाय सात महीनों से किया जा रहा था। टीम ने दुकान को बंद कराने के साथ ही कीटनाशक बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। वहीं अन्य दुकान संचालको को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि सोमवार को कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में कृषि विभाग राजपुर द्वारा खाद बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं के दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। टीम ने निरीक्षण के दौरान जय भैरव कृषि सेवा केंद्र, मारुति हार्डवेयर एवं कृषि सेवा केंद्र, उत्कृष्ट कृषि सेवा केंद्र राजपुर, आंचल केंद्र ग्राम सिंगचौरा, सीएससी बलरामपुर राजपुर छत्तीसगढ़ फॉर्म प्रोड्यूसर कंपनी ग्राम कुंदीकला को रिकॉर्ड संधारण सही तरीके से नही करने तथा दुकान के सामने मूल्य सूची प्रदर्शन बोर्ड नहीं लगाने के कारण नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर की स्थिति में सुधार करते हुए जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही मुकेश कृषि सेवा केंद्र राजपुर को कीटनाशक बिक्री में नियमों के अवहेलना की बात सामने आई। दुकान के सामने रेट लिस्ट नहीं लगाया गया था जबकि रजिस्टर मिलान में भी भारी अनियमितता सामने आई। वहीं व्यवसायी का कीटनाशक बिक्री लाइसेंस दिसंबर माह में ही समाप्त हो गया था लेकिन 7 महीने तक बिना लाइसेंस रिन्यूअल कराए ही व्यवसाय किया जा था था। ऐसे में टीम ने कीटनाशक बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। निरीक्षण के दौरान निरीक्षक आशीष सिंह, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय यादव, सहायक प्रौद्योगिकी प्रबंधक राजीव चौबे उपस्थित थे।



## गौवंश की हत्या कर मांस का बंटवारा करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

- शंकरगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई

**राजपुर।** मवेशी की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गौवंश की हत्या कर मांस बाइक से लेकर जा रहे थे जिन्हे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 जुलाई की देर रात मुखबिर से सूचना मिले थे कि दो लोग अपनी बाइक से गौवंश की हत्या कर मांस लेकर चलगली जंगल की ओर जा रहे है। सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा रात ढाई बजे चलगली क्षेत्र में महामाया मंदिर रोड की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 2694 को टोर्च मारकर रोकने का प्रयास किया गया तो बाइक सवार प्लास्टिक बोरा में रखा सामान छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर चलगली महुआडीह निवासी मोहसीम अंसारी और शंकरगढ़ बाजारपारा निवासी अफरोज अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने ग्राम चलगली निवासी टेलवा खान उर्फ शाह मोहम्मद के कहने पर रवि कुमार घासी, शाह मोहम्मद मनसु पहाड़ी कोरवा, परशु राम पहाड़ी कोरवा के साथ मिलकर गाय की हत्या की और मांस का बंटवारा करने के बाद चमड़ी और पूंछ को जंगल में छिपाने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों से गौ मांस, लोहे की छुरी बरामद किया। पुलिस ने मामले में चलगली स्कूलपारा निवासी हाल मुकाम महुआडीह 26 वर्षीय मोहसीम अंसारी आ. मुस्तकीम, शंकरगढ़ पुराना बाजार पारा निवासी 23 वर्षीय अफरोज अंसारी आ. स्व. हनीफ अंसारी, चलगली अखरापारा निवासी 45 वर्षीय शाह मोहम्मद उर्फ टेलवा आ. स्व. भरथई, चलगली बगीचा पारा निवासी 26 वर्षीय रवि कुमार आ. खेटर राम उर्फ दमहोर साय घसिया, जशवंतपुर निवासी 30 वर्षीय मांशु आ. स्व. जंगलिया पहाड़ी कोरवा, जशवंतपुर निवासी 26 वर्षीय परशु कोरवा आ. स्व. जंगलिया कोरवा को बीएनएस की धारा 299, 325 एवं छग कृषक पशु परि अधिनियम 2004 की धारा 5,6,10 के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में शंकरगढ़ थाना से एसआई गजपति मिर्रे, सउनि रातजीत राम, रफैल तिर्की, प्रधान आरक्षक श्रीदाम थानदार, महिला प्रधान आरक्षक उर्मिला लहरे, आरक्षक सलीत आयाम, विनोद यादव, भुनेश्वर राम, राजेन्द्र साय, विजय यादव, आशीष, प्रवीण सक्रिय रहे।



# ढाई साल में 9 फिल्में और सिर्फ एक हिट...

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार एक समय हिट मशीन हुआ करते थे, लेकिन अब फ्लॉप फिल्में उनका पीछा छोड़ने का नाम ही नहीं ले रही हैं। इसकी ताजा मिसाल सरफिरा है। अक्षय कुमार ने ढाई साल में 9 फिल्में की और और सिर्फ एक हिट हुई है। अक्षय एक साल में चार से पांच फिल्में रिलीज करते हैं। अक्षय कुमार एक्शन से लेकर बायोपिक और कॉमेडी फिल्मों में हाथ आजमाते हैं। अक्षय कुमार इस बात की परवाह नहीं करते हैं फिल्म चली या नहीं, वे सिर्फ फिल्में बनाते रहते हैं। अक्षय कुमार एक समय बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी की गारंटी थे। लेकिन क्या अक्षय कुमार का पुराना वाला जादू खत्म हो गया है?

## लाइफ Style



# नोरा

## 'तौबा-तौबा' गाने को दिलाई कामयाबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इन दिनों करण औजला के सॉन्ग तौबा-तौबा ने धूम मचा रखी है। यूट्यूब पर ये गाना पांच करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार करके नंबर वन पर ट्रेंड कर रहा है तो वहीं इस पर जमकर रील्स भी बन रही हैं।

बैड न्यूज के इस गानो को विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी पर फिल्माया गया है। लेकिन तौबा तौबा गाने की सफलता में नोरा फतेही का भी कम हाथ नहीं है। अब पूछेंगे गाने में तो वो नजर ही नहीं आईं. कोरियोग्राफी भी उन्होंने नहीं की है। लिरिक्स भी उन्होंने नहीं लिखे हैं। फिल्म में एक्टिंग भी नहीं की है। तो इस गाने की कामयाबी में उनका हाथ हुआ कैसे? हुआ यूं कि इस गाने में करण औजला ने नोरा फतेही और उनके डांस का जिक्र किया है। इस तरह से इस गाने का कनेक्शन सीधे नोरा फतेही से जुड़ जाता है। करण औजला के सॉन्ग तौबा तौबा अपने जिक्र आने पर नोरा फतेही पहले ही खुशी जता चुकी है।

नोरा फतेही ने एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था, जिसमें उन्होंने इस गाने के कुछ स्टेप्स भी किए थे। उनके इस डांस स्टेप्स को देखकर कहा जा सकता है कि गाने में नोरा होतीं तो इसका लेवल कुछ और ही होता। लेकिन नोरा ने इस गाने पर डांस किया तो इस वीडियो को खूब पसंद भी किया गया। वैसे भी फिल्मों के स्पेशल सॉन्ग से नोरा फतेही का कनेक्शन जुड़ना कामयाबी की गारंटी ही है।

## हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल-वूल्वरिन की बुकिंग शुरू

**मुंबई।** रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। रिलीज से पहले फैंस एडवांस बुकिंग को लेकर उत्साहित है। मार्वल स्टूडियोज की 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के जरिए रयान रेनॉल्ड्स एक बार फिर वेड विल्सन के रोल में नजर आएंगे। मार्वल स्टूडियो ने भारतीय दर्शकों के लिए 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की एडवांस बुकिंग आज से शुरू कर दी है, जिसे लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं।




# 'इनसाइड आउट 2' का शानदार प्रदर्शन जारी

**लॉस एंजिलिस।** इस हफ्ते ही 'इनसाइड आउट 2' वैश्विक स्तर पर अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। वहीं, मिनियंस फ्रैंचाइजी वाली 'डेस्पिकेबल मी' वैश्विक स्तर पर 500 करोड़ रुपए का कलेक्शन करने वाली पहली फिल्म बन गई है। इस बीच 'आईओ 2' एक अगस्त को जापान में प्रदर्शित होगी और 'फ्रोजन 2' से आगे निकल दुनिया भर में अब तक की सबसे बड़ी एनिमेटेड फिल्म बन सकती है। ए क्वाइट प्लेसः डे वन' ने विदेशों में लगभग 800 करोड़ रुपए का और वैश्विक स्तर पर लगभग 1600 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। पिछले हफ्ते रिलीज हुई 'ट्विस्टर्स' ने ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको और ब्राजील सहित 38 बाजारों में कुल 94 करोड़ की शुरुआती कमाई की है।



# ग्रेसी सिंह को पहचानना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** लगान, मुन्ना भाई MBBS जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस ग्रेसी सिंह की लेटेस्ट तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इतने साल बाद ग्रेसी को देखने के बाद फैन्स ने उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया है। बॉलीवुड में कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने सिर्फ अपनी स्माइल से ही लोगों पर जादू चला दिया था। कोई भी फिल्म हिट कराने के लिए उनकी स्माइल और मासूमियत ही काफी थी। उन्हीं में से एक ग्रेसी सिंह भी हैं। ग्रेसी ने अपने फ़िल्मी करियर में कई मूवीज और शो में काम किया है। उनकी कई फिल्में बेशक फ्लॉप रही हों, लेकिन फैंस को कभी ग्रेसी से शिकायत नहीं रही है क्योंकि वो अपनी एक्टिंग के साथ मासूमियत से लोगों को दीवाना बना लेती थीं। ग्रेसी ने आफताब शिवदसानी के साथ फिल्म मुस्कान में काम किया था।



# करण ने नेहा का किया स्वागत...

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर करण जौहर ने सिंगर नेहा कक्कड़ के साथ अपने कई तस्वीरें साझा की हैं। करण ने तस्वीरें साझा कर नेहा कक्कड़ का अपनी टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी धर्मा कॉर्नरस्टोन में स्वागत किया है। डीसीए की स्थापना साल 2021 में हुई थी। करण ने नेहा के साथ तस्वीरें साझा कर उनके डीसीए में शामिल होने की जानकारी दी है। उन्होंने पोस्ट साझा कर नेहा की प्रशंसा भी की है। करण जौहर ने तस्वीरें साझा कर लिखा, 'हमें नेहा कक्कड़ के हमारे डीसीए म्यूजिक परिवार में शामिल होने पर बेहद खुशी है। मैं नेहा को कई वर्षों से जानता हूं और जब बात म्यूजिक के क्षेत्र में टैलेंट और कड़ी मेहनत की आती है तो वह एक ताकत हैं। आगे बढ़ने के लिए कई रास्ते हैं, जो शक्ति, प्यार और संगीत से भरपूर हैं।'

## टीवी मसाला



# सोशल ड्रामा 'भीमा' समानता के मुद्दे को दर्शाएगा...

**मुंबई।** एंडटीवी का नया शो 'भीमा' 1980 के दशक पर आधारित है। राज खत्री प्रोडक्शंस ने इसका निर्माण किया है। इसमें भीमा नाम की एक लड़की की कहानी दिखाई गई है जो किसी दूसरी जाति से ताल्लुक रखती है। यह एक लड़की की दुविधा और समान अधिकारों को लेकर उसके सफर को दिखाता एक सोशल ड्रामा है। दर्शकों को शो में इस लड़की के साहसिक सफर की कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें वह अपने परिवार, समाज और आर्थिक हालातों से उपजी मुश्किलों का सामना करती नजर आती है। काफी अन्याय और भेदभाव झेलने के बावजूद, वह बड़ी ही बेबाकी से उन परेशानियों को पीछे छोड़ देती है। ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी आर आम्बेडर के कानूनों और आदर्शों को बनाए रखना भीमा के अटूट विश्वास को दिखलाता है। इतनी छोटी-सी उम्र में उसने खुद को इस मिशन के नाम समर्पित कर दिया। समाज का प्रभावी तबका उसके काम से घबराकर पूरी ताकत से एकजुट होकर उसकी कोशिशों को विफल करने का प्रयास करता है। इतनी बड़ी रुकावट के बावजूद भी भीमा बिल्कुल नहीं घबराती तथा अपनी कोशिशें और तेज कर देती है।

## प्रणोती ने बहादुर बिहारी दबंग महिला के किरदार को लेकर कही ये बातें...



**मुंबई।** हिंदी, मराठी और गुजराती मनोरंजन इंडस्ट्री में प्रसिद्ध अभिनेत्री प्रणोती प्रधान फिलहाल सन नियो के नए शो 'इश्क़ जबरिया' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस शो में वह गुलकी की सौतेली मां, मधुमिता की भूमिका निभा रही हैं, जो गुलकी को उसके सपनों को पूरा करने से रोकने की कोशिश करती है। हाल ही में उनसे हुई एक ख़ास बातचीत में प्रणोती प्रधान ने इस शो में शामिल होने की अपनी प्रेरणाओं और इसकी चुनौतियों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, जब मैं किसी किरदार को चुनती हूं, तो मैं देखती हूं कि मुझे उसमें क्या नया प्रदर्शित करने और सीखने को मिलेगा जो मेरे समय और प्रयास के लायक है। शो में मैं मधुमिता का किरदार निभा रही हूं, जो बिहार की एक मजबूत महिला हैं और वह युवाओं को शादी करने के लिए मजबूर करती है - एक असली 'दबंग' महिला। मेकर्स ने मुझे इस भूमिका के लिए बुलेट बाइक चलाने का भी सुझाव दिया।

# ऋतिक रोशन के साथ हंसते-मुस्कुराते नजर आए अभिषेक और ऐश्वर्या...

*नई दिल्ली। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी की चर्चा देश ही नहीं, विदेश में भी हो रही है। इस शादी की खबरों ने देश और विदेश की मीडिया में काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस समारोह के दौरान कई बड़ी हस्तियां भी नजर आईं। बच्चन परिवार समेत कई बड़े बॉलीवुड कलाकार भी इस शादी में मौजूद थे। इस दौरान कई तस्वीरों में अभिषेक बच्चन और ऐशवर्या राय बच्चन मीडीया को पोज देते नजर आए। इस शादी की एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें अभिषेक और ऐश्वर्या बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ हंसते और बात करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर अनंत और राधिका की शादी के दो दिन बाद तक इससे जुड़ी तस्वीरें और वीडियो लगातार वायरल हो रही हैं।*



*शादी में पहुंचे कई विदेशी मेहमान भी अपने-अपने देश लौट चुके हैं, जहां से वो अपने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ी तस्वीरें लगातार साझा कर रहे हैं। बीते रविवार ही मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल किम कादर्शियन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शादी से जुड़ी तस्वीरें साझा की थीं। इस दौरान उन्होंने ऐश्वर्या के साथ अपनी तस्वीर भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की थी। अब अभिषेक और ऐश्वर्या से जुड़ी एक वीडियो सामने आई है, जिसमें ये दंपति 'फाइटर' अभिनेता ऋतिक रोशन से बातें करता नजर आ रहा है।*

# 'मेरा नाम जोकर' बनाने गिरवी रख दिया था घर

**नई दिल्ली।** राज कपूर एक बेहतरीन एक्टर के साथ शानदार डायरेक्टर भी थे। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में कई शानदार फिल्में बनाई हैं। उनमें से एक मेरा नाम जोकर है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन इसे आज भी कल्ट फिल्मों में गिना जाता है। मेरा नाम जोकर को बनाने में राज कपूर ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। फिल्म के फ्लॉप होने के बाद राज कपूर का दिवाला निकल गया था। मेरा नाम जोकर के बाद राज कपूर कर्ज में डूब गए थे और बहुत ही मुश्किल दौर से गुजरे थे। मेरा नाम जोकर बनाने में राज कपूर को 6 साल लग गए थे। इस फिल्म को बनाने के लिए राज कपूर ने अपने घर से लेकर पत्नी के गहने तक हर चीज गिरवी रख दी थी। इतना ही नहीं, उन्होंने फिल्म बनाने के लिए मार्केट से पैसा भी उठा लिया था मगर जब ये रिलीज हुई तो राज कपूर कंगाल हो गए थे। ये राज कपूर की दूसरी फिल्म थी जिसमें दो इंटरवल थे। उनकी पहली फिल्म संगम थी, जिसमें दो इंटरवल थे। संगम सुपरहिट साबित हुई थी। वहीं मेरा नाम जोकर बुरी तरह से पिट गई थी।



## पृथ्वीराज सुकुमारन और सुधीर बाबू का होगा जलवा

# इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेगा क्राइम-एक्शन का मजा

**नई दिल्ली।** वेब सीरीज और फिल्मों के शौकीन दर्शकों के लिए जुलाई का तीसरा हफ्ता डबल धमाकेदार साबित होने वाला है। इस हफ्ते दर्शकों को कई बेहतरीन फिल्में और वेब सीरीज देखने को मिलेंगी। चलिए आपको बताते हैं कि वे फिल्में और वेब सीरीज कौन सी हैं, जो इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। साथ ही, यह भी जानिए कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं?

### कुंग फू पांडा-4



'कुंग फू पांडा 4' पो पर केंद्रित है, जिसे एक नए योद्धा को प्रशिक्षित करना है, जब उसे शांति की घाटी का आध्यात्मिक नेता बनने के लिए चुना जाता है। फिल्म में जैक ब्लैक, इयान मैकशेन, डस्टिन हॉफमैन, जेम्स होंग, ब्रायन क्रैन्स्टन, अक्वाफिना, के हुई क्वान, रोनी चियेंग, लोरी टैन चिन और वियोला डेविस जैसे कलाकार हैं। यह 15 जुलाई को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

### आडुजीविथमः द गोट लाइफ

ब्लेसी द्वारा निर्देशित 'आडुजीविथमः द गोट लाइफ' एक सच्ची घटना से प्रेरित है और यह बेन्यामिन के इसी नाम के समीक्षकों द्वारा प्रशंसित उपन्यास पर आधारित है। इसमें पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 19 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।





### त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर

अमृत राज गुप्ता और पुनीत कृष्णा के निर्देशन में बनी त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जो सीए है, लेकिन उसे मर्जी के खिलाफ कुछ काम करने पड़ते हैं। सीरीज के कलाकारों में मानव कौल, तिलोत्तमा शोम, श्वेता बसु प्रसाद, शुभ्रज्योति बारात, फैसल मलिक, जितिन गुलाटी, अशोक पाठक, नैना सरीन, सुमित गुलाटी, यामिनी दास, नरेश गोसाईं शामिल हैं। यह सीरीज 18 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर धमाल मचाएगी।

### स्वीट होम सीजन-3

'स्वीट होम सीजन 3' चा ह्यून-सू के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अप्रत्याशित त्रासदी का सामना करने के बाद अपना घर छोड़ देता है और एक अपार्टमेंट में चला जाता है। जब राक्षस दिखाई देने लगते हैं और लोगों पर हमला करने लगते हैं और लोग बिना किसी मदद के इमारत के अंदर फंस जाते हैं तो चीजें और भी बदतर हो जाती हैं। सीरीज में सॉन्ग कांग, ली जिन-वूक और ली सी-यंग मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि गो मिन-सी, पार्क ग्यू-यंग, ली डो-ह्यून और किम नाम-ही प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'स्वीट होम 3' नेटफ्लिक्स पर 19 जुलाई, 2024 को रिलीज होगी।



## खबर संक्षेप

### जुनवानी में राजस्व शिविर का आयोजन आज

**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ राजस्व अनुविभाग अंतर्गत भटगांव तहसील के ग्राम जुनवानी में 17 जुलाई को राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। जुनवानी के शिविर में ग्राम देवरहाए नवापारा, खपरीडीह, हरदी और जुनवानी के विद्यार्थी, नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी.1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

### बिरनीपाली में आज लगेगा राजस्व शिविर

**सारंगढ़।** सारंगढ़ राजस्व अनुविभाग अंतर्गत बरमकेला तहसील के ग्राम पंचायत बिरनीपाली में 17 जुलाई को राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें ग्राम झाल, लिमपाली, बनवासपाली, सेमरापाली, जिरापाली, जामदलखा, पतेरापाली, बिर्नीपाली, परधियापाली, भालुपानी, खैरट, सहजबहाल, भराली, गौरडीह, परसकोल और रंगाडीह के नागरिक, विद्यार्थी और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार, एसडीएम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी.1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

### निष्प्रयोजित वाहनों की नीलामी 26 को अग्निशमन अधिकारी कार्यालय में

**रायगढ़।** नगर सेना रायगढ़ के निष्प्रयोजित वाहनों की नीलामी 26 जुलाई को शाम 4 बजे जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी कार्यालय में की जाएगी। इस नीलामी में वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 3517 एवं वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 3518 की नीलामी हेतु सील बंद लिफाफे स्पीड पोस्ट के माध्यम से 26 जुलाई को दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित किए गए है जो उसी दिन 4 बजे खोले जाएंगे। प्रस्तुत दर के साथ एक हजार रुपए का ईएमडी जिला सेनानी नगर सेना रायगढ़ पक्ष देय होगा। दर हेतु प्रपत्र 25 जुलाई को शाम 5 बजे तक 100 रुपए जमा कर प्राप्त किए जा सकते है। इच्छुक खरीददार नीलामी के पहले कार्यलयीन दिवस में वाहनों का निरीक्षण कर सकते है।

### शोक संतृप्त परिवार को सांसद राधेश्याम ने बंधाया ढांढस

**रायगढ़।** घरघोड़ा के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा नेता चंद्रदीप सिदार के छोटे भाई पूर्व नप अध्यक्ष चंद्रशेखर सिदार के आकस्मिक निधन 1 जुलाई हो गया है शोक कुल परिवार विनम्र श्रद्धांजलि और परिवार को ढांडस बांधने के लिए रायगढ़ लोकसभा के सांसद राधेश्याम राठिया स्वर्गीय चंद्रशेखर सिदार के घर पहुंचे और परिवार के सभी जनों से मिले और साथी उनके बड़े भाई चंद्रदीप सिदार पूर्व नगर पंचायत घरघोड़ा से भी मिल कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान दिए।

### 24 घंटे बाद मिला देवरी चिचोली में बहे युवक का शव

**जांजगीर-चांपा।** देवरी चिचोली के पास नदी में



कल दोपहर पिकनिक मनाने आए 6 दोस्तो में एक युवक स्नान कर रहा था उसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया। उसे गोताखोरों के माध्यम से खोजबीन की जा रही थी। 24 घंटे बाद युवक को नदी में कुछ दूर से बाहर निकाला गया। इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरकंडा बिलासपुर निवासी शिवम यादव अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आया था।तभी वह गहरे पानी में चला गया था। उसे दोस्तो ने बचाने की कोशिश की लेकिन बचा नहीं पाए। आखिरकार पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों की टीम मौके पर खोजबीन कर रही थी लेकिन शिवम यादव का सुराग नहीं लगा था। इस दौरान सोमवार 15 जुलाई की दोपहर 3 बजे गोताखोरों एवं पुलिस ने 48 घंटे के बाद युवक को बाहर निकाला।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ऐसे पकड़ में आया ...

वारदात का विश्लेषण करते समय संदेही लोकेश यादव के इस प्रकार लूटपाट में शामिल होने की जानकारी मिली। जिसकी पुष्टि मुखबीरों से हुई। घटना के समय आरोपी लोकेश यादव उसके साथी आरोपी रूपेश यादव के साथ होने की बात सामने आई। इस बड़ी लीड पर आगे बढ़ते हुए डीएसपी अभिनव उपाध्याय व संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के लिये ओड़िसा के सुन्दरगढ़ और झारखंड के सिमडेगा में दबिश दी गई और आरोपी रूपेश यादव निवासी लस्सीअम्बा थाना तपकरा जशपुर को पकड़ा गया।

## समय सीमा की बैठक में केसीसी प्रकरण व ट्रैफिक दुरूस्त करने के निर्देश

# खाद की कमी को प्राथमिकता से करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एडीएम संतन देवी जांगड़े ने समय सीमा की बैठक ली। इस अवसर पर डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों की बैठक लेती एडीएम संतन देवी।

एडीएम संतन देवी जांगडे ने कृषि, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन के केसीसी प्रकरणों के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग केसीसी निर्माण में आवश्यक प्रगति लाए। उन्होंने कृषि, मत्स्य व उद्यानिकी विभाग द्वारा विभागीय स्तर एवं बैंक में लंबित प्रकरणों को अतिशीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बैंको में आवेदनों के रिजेक्ट होने के कारण स्पष्ट करने के निर्देश अपेक्स बैंक को दिए ताकि किसानों के आवेदनों में किसी प्रकार की गलती ना हो। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग द्वारा पॉम आयल क्षेत्राविस्तार हेतु भूमि चिन्हांकन के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि सभी विकासखंड से भूमि चिन्हांकन कर पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने जिले में खाद की उपलब्धता की समीक्षा की।

उन्होने एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि खाद की कमी होने पर त्वरित उसकी जानकारी उपलब्ध कराए ताकि उन स्थानों में खाद प्राथमिकता के साथ भेजा जा सके।

### कार्रवाई की समीक्षा की

एडीएम सुश्री जांगड़े ने खनिज विभाग द्वारा किए गए कार्यवाही की समीक्षा करते हुए अवैध उत्खनन व परिवहन पर नियमित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने खनिज, पर्यावरण व परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से वाहनों की नियमित जांच व बिना तारपोलिन ढंके चल रहे गाड़ियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन से जारी पत्र के अनुसार विभागों द्वारा निलंबित व लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही की जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने के निर्देश। अपर कलेक्टर सुश्री जांगडे ने निगम एवं पीएचई के वाटर टैंक सफाई की स्थिति भी समीक्षा करते हुए अतिशीघ्र सफाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने सीएम व कलेक्टर जनदर्शन तथा जन शिकायत में प्राप्त आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को विभागों में प्राप्त आवेदनों के तत्थयात्मक एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लोक सेवा गारंटी के तहत विभागों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण निर्धारित समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# जिला न्यायाधीश का जेल में सुविधाओं का निरीक्षण, बंदियों से की मुलाकात

**रायगढ़।** प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ जितेन्द्र कुमार जैन ने गत दिवस जिला जेल रायगढ़ का निरीक्षण किया गया। साथ ही पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण कर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियो से मिलकर उनके मामलों के संबंध में पूछताछ कर विधिक साक्षरता शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 एवं नालसा द्वारा समय समय पर पात्र बंदियों की रिहाई हेतु चलाए जा रहे अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बंदियों के मामले में उनकी ओर से जिला में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल एवं पैनल अधिवक्ता मामले में पैरवी करेंगे तथा जमानत आदि की कार्रवाई करेंगे। छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदीए जो लम्बे समय से जेल में है उन्हें जेल लोक अदालत में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर रिहा हो सकने की जानकारी दी गई। साथ ही कैदियों को मिलने वाली भोजन एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। जिला जेल से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर, जेल की क्षमता, बंदियों के लिये विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से मुलाकात करने एवं न्यायालय पेशी में उपस्थित होने के संबंध में समीक्षा की गई। शिविर में देवेन्द्र साहू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ तथा जिला जेल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी एवं पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित रहे।

# शादी समारोह से गिफ्ट और नकदी की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के अंस होटल में विद्युत विभाग के लेखाधिकारी के भाई की शादी चल रही थी, इस दौरान किसी के द्वारा कुर्सी पर रखे पर्स को पार कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि पर्स में आये हुए मेहमानों द्वारा उपहार में दिए गए लिफाफे जिनमें लगभग 50 हजार रूपए नगद व तकरीबन तीस हजार रूपए कीमत के सोने के जेवरात थे। इस प्रकार कुल 80 हजार रूपए की चोरी होना बताया जा रहा है। कोतवाली पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर होटल में लगे सीसी टीवी फुटेज खंगालते हुए उसकी पतासाजी की जा रही है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ के विनोबा नगर निवासी अखिल मिश्रा जो कि विद्युत विभाग में लेखाधिकारी के पद पर कार्यरत है। रविवार को उसके भाई घरघोड़ा निवासी आदित्य मिश्रा की शादी थी तथा वैवाहिक कार्यक्रम रायगढ़ के होटल अंस में चल रहे थे। बारात आने के बाद रिसेप्शन का कार्यक्रम चल रहा था। वहीं मेहमानों द्वारा उपहार में नगद राशि लिफाफे में डाल कर दी जा रही थी जिसे उन्होंने एक पर्स में रखा था। पर्स को वे स्टेज के पास ही एक कुर्सी पर रख कर मेहमाननवाजी कर रहे थेए इसी दौरान भीड़ भाड़ का फायदा उठाते हुए किसी ने कुर्सी पर रखे पर्स को पार कर दिया। बताया जा रहा है कि पर्स में लिफाफे थेए जिनमें तकरीबन 50 हजार रूपए नगद व ढाई ग्राम वजन की सोने की बाली तथा अन्य जेवरात थे जिनकी कीमत लगभग 30 हजार रूपए बताई जा रही है। इस प्रकार पर्स से कुल 80 हजार रूपए की चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं पर्स के पार हाने पर वहां उपस्थित गार्ड व अन्य स्टाफ से पूछताछ की गई लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बताया जा रहा है कि होटल में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर पर्स को पार करते हुए दिखा है लेकिन उसकी खोजबीन करने पर कुछ पता नहीं चला जिससे अखिल मिश्रा ने तदाशय की रिपोर्ट कोतवाली में कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध बीएनएस की धारा 303 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सीसी टीवी फुटेज में दिख रहे आरोपी की पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

### देवशयनी एकादशी आज, मांगलिक कार्यों पर चार माह का ब्रेक

**रायगढ।** विशेष योग संयोगों में सोमवार को आषाढ़ शुक्ल नवमी मनाई गई। सुबह से शहर में बैंड बाजा और बारात की रौनक नजर आई। स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त के रूप में चारदीवारी सहित अन्य बाजारों में खरीदारी परवान पर रही। वाहनों से लेकर, ज्वैलरी की जमकर बिक्री हुई। 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी से शुरू हो रहे देवशयनकाल से पूर्व गृह प्रवेश व विवाह आदि मंगल कार्यों के लिए अबूझ मुहूर्त में विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, जनेऊ संस्कार सहित मांगलिक आयोजनों की धूम रही। बड़ी संख्या में गृह प्रवेश और व्यापारिक प्रतिष्ठान की शुरुआत के साथ ही सगाई के दस्तूर भी हुए। देवशयनी एकादशी के बाद विवाह के लिए चार माह इंतजार करना होगा।

# संकीर्तन मंडली बाघाडोला के राशि हड़पने का मामला पहुंचा थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम बाघाडोला में यहां के चौहान समाज द्वारा सामाजिक और धार्मिक एकता बनाये रखने के लिए शारदा युवा संकीर्तन मण्डली का गठन किया जाकर उसके पदाधिकारी भी मनोनित किए और उक्त कीर्तन मण्डली छग सहित अन्य प्रदेशों में भी अपनी गेय कला के बदौलत भक्तिमय वातावरण देने में समर्थ रहा जिसके कारण संबंधित क्षेत्र के श्रद्धालुओं से लगातार अंशदान आते गए जिससे 30 हजार रुपए का साउंड सिस्टम खरीदा गया और 40 हजार रुपए नगद हुए जिसे समिति के पदाधिकारी रोहित, गौरांग और धनेश चौहान के पास जमा करवाए।

उक्त राशि को नामयज्ञ के लिए मांगा गया जिसे इन्हौंने मना किया और बात यहां तक पहुंची कि पैसा वापस नहीं देंगे जो करना हो कर लो कहा साथ ही गाली गुप्तार के साथ विवाद भी हुआ जिसमें इनके परिजन भी शामिल रहे। चूंकि इस राशि में जहां सब का श्रम और आस्था जुडा हुआ है ऐसे स्थिति में समूचा कीर्तन मंडली न्याय मांगने थाना पुसौर पहुंची जिस पर टीआई बनजारे ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया है। ज्ञात हो कि उक्त संकीर्तन मंडली में 50 से अधिक पुरूष व महिला हैं जो अपनी कीर्तन मण्डली के आस्था और विश्वास में चोट पहुंचाने से थाना कार्यालय पुसौर आए। इस बीच आरोप प्रत्यारोप के तथ्य इस तरह आये जो सामाजिक व्यवहार के प्रतिकुल है ये सच है या नहीं ये तो पता नहीं पर मेन जड पैसा का है जिसके तह तक जाने टीआई बनजारे व एसआई प्रयासरत हैं।

# केंद्रीय विद्यालय में क्षेत्रीय क्रीड़ा समागम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

53 वें क्षेत्रीय क्रीड़ा समागम 2024-25 के अंतर्गत शतरंज और वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग का शुभारंभ 9 जुलाई को पी एम केंद्रीय विद्यालय रायगढ़ में गणमान्य अतिथियों और छात्रों की उपस्थिति में हर्षोल्लास से हुआ।

रायगढ़ जिले के अपर कलेक्टर राजीव कुमार पांडे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। कार्यक्रम का आगाज़ पी एम केंद्रीय विद्यालय रायगढ़ के प्राचार्य डॉक्टर प्रशांत कुमार सारंगी द्वारा स्वागत भाषण से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ तदुपरांत विद्यालय के छात्रों ने आकर्षक नृत्य और स्वागत समूह गान की मन मोहक प्रस्तुति के माध्यम से गणमान्य अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों के मार्च पास्ट और राष्ट्रगान के बाद वॉलीबॉल और शतरंज प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा मुख्य अतिथि के द्वारा की गई जिसमें विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए हुए 140 विद्यार्थियों ने दोनों प्रतियोगिताओ में हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता प्रतिनियुक्त के के चंद्रा प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय जांजगीर एवं प्रतिनियुक्त संजय बिसेन स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षक केंद्रीय विद्यालय नं 2 रायपुर के निरीक्षण में संपन्न हुआ। शतरंज में निर्णायक मंडली के रूप में उपस्थित थे रमेश कुमार पानी, कार्तिकेश्वर मैत्री एवं ईश्वर नेताम। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली थे अभिषेक गुप्ता, जितेन्द्र साहू, सुरेश डेंजारे, महेश साहू एवं धीरेन्द्र निषाद।

तीन दिवसीय संभागीय खेल प्रतियागिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थी समस्त शिक्षक गण और सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा। बालीवाल प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय कवर्धा ने प्रथम स्थान हासिल किया शतरंज प्रतियोगिता में न.14 में प्रथम स्थान केंद्रीय विद्यालय दुर्ग न.17 एवं न.19 में केंद्रीय विद्यालय रायपुर नं 1 प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# शाकंभरी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष के वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

शाकंभरी बोर्ड पूर्व अध्यक्ष के वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए पहले तो स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के झूलन चौक की है।



दुर्घटनाग्रस्त कार।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 15 जुलाई की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शाकंभरी बोर्ड के पुर्व अध्यक्ष रामकुमार पटेल अपने वाहन से वापस घर जा रहे थे। तभी उनकी कार बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों गंभीर हालत में बिलासपुर रेफर किया गया है। तीनों युवक को सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटे आई हैं। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के झूलन चौक की है। बताया जा रहा है कि झिलमिली निवासी तीनों युवक पामगढ़ की ओर आ रहे थे तभी पूर्व अध्यक्ष के वाहन से बाइक सवार तीनो युवक को ठोकर लग गया। रामकुमार पटेल अपने गांव के परिवार के लोगो के साथ थे कार में सवार थे। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दिया और तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पामगढ़ लाया गया, उसके बाद उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया।

# शिविर में आयुष्मान, आधार, श्रम, पीएम विश्वकर्मा आदि का होगा पंजीयन

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश साहू ने जिले के सभी जनपद पंचायत के सीईओ को पत्र लिखा है, जिसमें ग्राम पंचायत में आधार लिंक एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर के संबंध में निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पत्र में कहा है कि आधार लिंक एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ग्राम पंचायत में लगाई जाने वाली शिविर में संपूर्ण व्यवस्था जिसमें इंटरनेट कनेक्शन, टेबल, कुर्सी एवं भवन की उपलब्धता सुनिश्चित हो। साथ ही इसका व्यापार प्रचार प्रसार के लिए कोटवार के माध्यम से मुनादी की जाए। वीएलई ऑपरेटर शिविर में आधार लिंक, आयुष्मान कार्ड निर्माण, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का पंजीयन कार्य करेंगे। इन सभी कार्यों के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान हितग्राहियों से किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले में छूटे हुए सभी नागरिकों को 16 से 31 जुलाई तक अभियान में जुड़कर शत प्रतिशत सभी कार्यों को पूर्ण कर अभियान को सफल बनाने के लिए अपील किया है।

**न्यायालय प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

(पीठासीन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार प्रजापति)

**समंस**

(धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण)

मो.दु.दा.प्र.क्र. - 27/2017
प्रोसेस नं.- 346/24
प्रोसेस दिनांक- 04/07/2022
पेशी दिनांक- 22.07.2024

पक्षकार :- श्रीमती शिवकुमारी वगैरह ....आवेदकगण

-: विरुद्ध :-

विशाल कुमार वगैरह ................अनावेदकगण

प्रति, आवेदकगण श्रीमती शिवकुमारी वगैरह के द्वारा दुर्घटना में हुए क्षति की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु मोटर दुर्घटना दावा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक क्रमांक 2 रवि कुमार द्विवेदी आ. श्री सच्चीदानंद द्विवेदी जाति ब्राम्हण, निवासी एच.एन. ओ. 6 कृष्णा विहार नियर पिंक पर्ल होटल जिला रायगढ़ (छ.ग.) को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मै अवकाश पर जाता हूँ, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

डॉ. मनोज कुमार प्रजापति
प्रथम अति.मो.दु.दावा अधिकरण रामानुजगंज
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सारंगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक/ / /अ-2/ 2023-24 ग्राम-बार, प.ह.नं.-28, तहसील बरमकेला

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमसागर पिता अभिमन्यु जाति तेली निवासी ग्राम बार तहसील बरमकेला जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम-बार प.ह.नं.- 28, रा.नि.मं.-देवगांव तहसील बरमकेला में स्थित खसरा नं 623/1, 623/2, 623/6 रकबा 0.057, 0.081, 0.026, हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो दिनांक-02/08/2024 तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक-15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सारंगढ़

# राष्ट्रीय आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए रायगढ़ नगर निगम को स्पार्क अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम रायगढ़ को राष्ट्रीय स्तर के स्पार्क 2023-24 अवार्ड के लिए चुना गया है। 18 जुलाई को दिल्ली के इंडिया हैबिटाट सेंटर में होने वाले समारोह में यह अवार्ड रायगढ़ नगर निगम को मिलेगा।



■ 18 जुलाई को दिल्ली में आयुक्त ग्रहण करेंगे सम्मान

निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशन में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत लक्ष्य से ज्यादा बेहतर कार्य किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ही रायगढ़ नगर निगम को स्पार्क राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा। भारत सरकार द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण और प्रदेश के चार नगरीय निकायों में रायगढ़ को भी सस्पार्क अवार्ड 2023-24 के लिए चुना गया है। 18 जुलाई को एनयूएलएम प्रबंधकों के साथ कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी दिल्ली में आयोजित समारोह में अवार्ड ग्रहण करेंगे। जिले में शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यो के लिए यह अवार्ड रायगढ़ नगर निगम को मिलेगा। केंद्रीय अवसान और शहरी कार्य मंत्रालय के 18 जुलाई को दिल्ली के इंडिया हैबिटाट सेंटर में होने वाले समारोह में रायगढ़ नगर निगम भी शामिल होगा। केंद्रीय अवसान और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री श्री तोखन साहू यह पुरस्कार प्रदान करेंगे।

### 3977 लोगों को मिला प्रधानमंत्री स्वनिधि अंतर्गत लोन

स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना अंतर्गत 3977 लोगों को बैंकों के माध्यम से लोन उपलब्ध कराया गया। इसी तरह डे एनयूएलएम नगर निगम रायगढ़, जिला रायगढ़ द्वारा 1171 स्व सहायता समूह का गठन किया गया है। इसमें से 985 स्व सहायता समूह को प्राप्त आवर्ती निधि अंतर्गत लोन उपलब्ध कराया गया। इसी तरह प्रधान मंत्री स्वनिधि अंतर्गत 4679 हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से बैंको द्वारा 4082 हितग्राहियों के लोन स्वीकृत किया गया। इसमें अब तक प्रधान मंत्री स्वनिधि अंतर्गत बैंकों द्वारा 3977 हितग्राहियों को लोन दिया गया है। एनयूएलएम मिशन मैनेजर शुभम शर्मा, केदारनाथ पटेल और सामुदायिक संगठन ऋषि मनहर, दीपक पटेल, मनोरमा सदावर्ती, सरिता गात्रे, माया वर्मा, निशा अग्रवाल और विशाल स्वर्णकार ने लक्ष्य के अनुरूप सराहनीय कार्य किया।

### कमिश्नर ने अवार्ड को किया निगम टीम को समर्पित

निगम कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि निगम के डे एनयूएलएम एवं टीम ने लक्ष्य से भी ज्यादा बेहतर सराहनीय कार्य किया है। टीम भावना के साथ कार्य करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने और सफलता प्राप्त करने का परिचय दिया है। अनुशासित होकर बेहतर कार्य का नतीजा अवार्ड के रूप में मिला है। उन्होंने इस अवार्ड को निगम की टीम को समर्पित किया है।

### जिले में 324.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 16 जुलाई तक 324.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 375.5 मिली मीटर पुसौर में 386.3, खरसिया में 278.3, घरघोड़ा में 350.1, तमनार में 265.9, लैलूंगा में 285.6, मुकडेगा में 356.9, धरमजयगढ़ में 256, छाल में 341.7 एवं कापू में 349.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

टॉप इन रायगढ़

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146